भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2513
उत्तर देने की तारीख 03 अगस्त, 2026
12 श्रावण, 1948 (शक)

खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत तेलंगाना में खेल संबंधी अवसंरचना में कमी

2513. श्री वामसि कृष्णा गद्दामः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उत्तरी तेलंगाना में खेल संबंधी अवसंरचना की कमियों की पहचान की है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान उत्तरी तेलंगाना के लिए तेलंगाना राज्य सरकार से प्राप्त खेलो इंडिया प्रस्तावों का वर्ष वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त प्रस्तावों के लिए स्वीकृत निधियों का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) उत्तरी तेलंगाना के लिए आवंटित निधियों और स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) स्वीकृत परियोजनाओं को पूरा करने की संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ङ): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेल अवसंरचना संबंधी कमियों की पहचान करने सहित खेलों के विकास का मुख्य उत्तरदायित्व संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का होता है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। इस मंत्रालय को उपर्युक्त विषय के संबंध में राज्य सरकार द्वारा किया गया कोई मूल्यांकन प्राप्त नहीं हुआ है। इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित खेलो इंडिया स्कीम जिसके अंतर्गत खेल अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, एक मांग-आधारित स्कीम है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों तथा अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता तथा स्कीम के अंतर्गत धनराशि की उपलब्धता के अधार पर वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु विचार किया जाता है। विगत तीन वर्ष के दौरान, खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत, तेलंगाना राज्य सरकार से उत्तर तेलंगाना क्षेत्र

के संबंध में तीन प्रस्ताव प्राप्त हुए, जो सभी करीमनगर जिले से संबंधित थे। इनमें से एक प्रस्ताव, अर्थात् "करीमनगर जिले के जम्मीकुंटा में विश्व एथलेटिक्स (पूर्व में आईएएएफ) मानक के अनुरूप 4-लेन, 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का विकास", को खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत ₹6.50 करोड़ की स्वीकृत लागत पर अनुमोदन प्रदान किया गया है।

खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत, तेलंगाना राज्य सहित देशभर में स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं, उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि तथा उनकी भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

खेलो इंडिया स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार, स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत सभी अवसंरचना परियोजनाओं को स्वीकृति की तिथि से दो वर्ष के भीतर पूर्ण किया जाना अपेक्षित है। भूमि अधिग्रहण तथा आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त करने जैसी समस्याओं का समाधान करते हुए परियोजनाओं को समय पर पूर्ण करने का उत्तरदायित्व संबंधित अनुदानग्राही का होता है।

****